छेर नदी के डायवर्सन पर फिर टला बड़ा हादसा, बचे बाइक सवार

शाहपुर (भोजपुर) आससे। शाहपुर–बनाही मार्ग पर छेर नदी पर निर्माणाधीन पुल के लिए बनाया गया डायवर्सन पानी मे डूब गया है। इसके बावजूद लोग जान जोखिम मे डालकर आवागमन कर रहे हैं। डायवर्सन से गुजर रहे एक बाइक पर सवार दो लोग पानी के तेज बहाव मे बहने लगे। गनीमत रही कि दोनों लोग बाइक छोड़कर बाहर निकल गये। लेकिन बाइक नदी मे बह गई।

बाद मे ग्रामीणों की मदद से रस्सी के माध्यम से बाइक को बाहर निकाला गया। चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण छेर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से डायवर्सन पूरी तरह डूब गया है। नदी मे पानी का बहाव भी तेज हो गया है। ऐसे में बिहिया और शाहपुर जाने वाले लोग जान जोखिम में डालकर डायवर्सन पार कर रहे हैं। बक्सर जिले के ब्रह्मपुर क्षेत्र के देवकुली से बनकट जा रहे बुजुर्ग समेत दो लोग स्प्लेंडर बाइक से



डायवर्सन पार कर रहे थे। इसी बीच तेज बहाव के कारण बाइक असंतुलित होकर नदी मे बहने लगी। दोनों सवार बाइक छोड़कर डायवर्सन से बाहर निकल गये। बाद मे ग्रामीणों ने बाइक को बाहर निकाला। विदित हो कि पहले भी इस डायवर्सन पर कई हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन और सरकार ध्यान नहीं दे रही है। स्कूल के बच्चों से लेकर आम राहगीरों तक को परेशानी उठानी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 1 सितंबर 2026 को डायवर्सन से गुजरने के दौरान बाइक सवार तीन लोग नदी मे बह गए थे। उनमे से दो युवकों सचिन रवानी और संदीप रवानी की मौत हो गई थी। घटना के बाद प्रशासन को लोगों का काफी आक्रोश झेलना पड़ा था।

इस संबंध में एसडीएम ओमप्रकाश लाल ने सीओ को वहां बैरिकेडिंग कर आवागमन रोकने के लिए निर्देशित किया था। वहीं बिहिया अंचल के सीओ नीलेश कुमार ने बताया कि अंचल नाजिर को डेंजर जोन में फीता लगाने और बैरिकेडिंग करने के लिए निर्देशित किया गया है। बार–बार हो रहे हादसा के बावजूद भी प्रशासन की नींद नहीं खुल रही है।

अज्ञात युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत

आरा (भोजपुर)। सदर अस्पताल परिसर के पुराने लेबर वार्ड के समीप रविवार को एक अज्ञात 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा–तफरी का आलम रहा। अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि किसी व्यक्ति द्वारा अज्ञात युवक को सदर अस्पताल परिसर के पुराने लेबर वार्ड के पास छोड़कर चला गया था। इसी बीच उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

भोजपुरी के तीन कलाकारों को मिला कला रत्न सम्मान

आरा (भोजपुर)। स्थानीय दलसिंहसराय समस्तीपुर अनन्या कला प्रेक्षागृह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विजुअल आर्ट फाउंडेशन दलसिंहसराय समस्तीपुर, 16 शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर भोजपुर के तीन कलाकारों को कला रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चित्रकार कला लेखक रौशन राय, वरिष्ठ चित्रकार कौशलेश कुमार और वरिष्ठ मूर्तिकार पिंटू प्रसाद को कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। बिहार कला संस्कृति मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने इन कलाकारों को स्मृतिचिह्न और प्रमाणपत्र देकर इस भव्य आयोजन में सम्मानित किया। विजुअल आर्ट फाउंडेशन



दलसिंहसराय समस्तीपुर के अध्यक्ष वरिष्ठ चित्रकार मुहम्मद सुलेमान ने इन सभी कलाकारों को बधाइयां दीं हैं। भोजपुर आरा के ढेरों रंगकर्मी, चित्रकार, समाजसेवी, सभी ने इन तीन कलाकारों को शुभकामनाएं बधाईयां दी है। बधाईयां देने वाले मे मुख्य यथार्थ सचिव भास्कर मिश्रा, प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी भोजपुर के प्रधानाध्यापक अजय राय, प्रमोद कुमार , अरूण राय, अमल राय, राकेश राय, के साथ सभी ने इस अवसर को एतिहासिक बताया। वहीं कला शिक्षक रौशन राय ने कहा कि इस तरह का आयोजन और सम्मान निश्चित रूप से आने वाले समय में बिहार को कला संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगा।

करंट से सगे भाई घायल

आरा (भोजपुर)। जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में शनिवार की रात करंट की चपेट में आने से सगे भाई घायल हो गए। उस दौरान एक मवेशी भी झुलस गया। परिजन द्वारा घायल भाइयो को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार घायलों में धोबहा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी राजेश्वर सिंह के 45 वर्षीया पुत्र नंदबेश्वर सिंह एवं 35 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार है। इधर, घायलों के परिजन ने बताया कि शनिवार को अखिलेश कुमार सारण (छपरा) जिले के पशु मेला से मवेशी (भैंस) खरीदकर शनिवार की शाम घर वापस लौटा था। जहां पहले से घर के बाहर बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा था। उसी दौरान वह एवं उसके साथ रहा भैंस करंट की चपेट में आ गए। जब उनके बड़े भाई नंदबेश्वर सिंह उसे बचाने गए तो, वह भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गए। तब परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

युवा संवाद में 150 युवाओं ने ली लोकतांत्रिक शपथ

आरा (भोजपुर)। जिनवानी मैनेजमेंट कॉलेज में शनिवार को मेरा युवा भारत, भोजपुर के तत्वावधान में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आनंद त्रिवेदी सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने युवाओं को मतदान के महत्व, नागरिक अधिकारों, कर्तव्यों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराया। जिला युवा अधिकारी संजना आनंद त्रिवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। महाविद्यालय के छात्र एवं युवा आदर्श व्यक्तित्व आदित्य सिंह ने 'अपने वोट को जानो' अभियान के



आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक सिद्ध विजय जैन, जिला युवा अधिकारी संजना वत्स, प्राचार्य डॉ. वत्स ने युवाओं से अपने मताधिकार के प्रति सजग रहने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान देने की अपील की। निदेशक सिद्ध विजय जैन ने शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को युवाओं के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। प्राचार्य डॉ. तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जानकारी दी। कार्यक्रम में 150 युवाओं ने लोकतांत्रिक शपथ लेकर जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया। आयोजन में विश्वनाथ और स्वयंसेवक राजा कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

14 साल के मोहित की हत्या में मां गिरफ्तार

तरारी (भोजपुर)। मां की ममता को दुनिया का सबसे पवित्र और निस्वार्थ रिश्ता माना जाता है। मां अपने बच्चों की खुशियों के लिए हर दर्द सहती है और उनकी जिंदगी बचाने के लिए अपनी जान तक दांव पर लगा देती है। लेकिन भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के दुर्गपुर गांव में सामने आए 14 वर्षीय मोहित राज हत्याकांड ने ममता

प्रेम संबंध के विरोध में रची गई हत्या की साजिश

के इसी पवित्र रिश्ते को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस के प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया है कि मृतक की मां मानती देवी का गांव के ही संतोष कुमार से प्रेम संबंध था। मोहित इसका विरोध करता था, जिसको लेकर मां–बेटे के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी रंजिश में मां के इशारे पर संतोष कुमार ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मोहित की हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक की मां मानती देवी को गिरफ्तार कर लिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड की जानकारी पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने दी। मोहित दुर्गपुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू सिंह का 14 वर्षीय पुत्र था। वह आठवीं कक्षा का छात्र था। 27 अक्टूबर मंगलवार की शाम वह करथ गांव स्थित एटीएम से छह हजार रुपये निकालने गया था। घरवालों को क्या पता था कि घर से निकला उनका लाडला फिर कभी लौटकर नहीं आएगा। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अगले दिन 28 अक्टूबर की सुबह उसका शव करथ गांव स्थित बिरहर करहा के समीप बरामद हुआ। शरीर पर चोट के निशान थे। जिस बेटे के लौटने की राह परिवार देख रहा था, उसकी मौत की खबर ने पूरे घर को उजाड़ दिया। मोहित हत्याकांड में उसके पिता सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू के फर्दबयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें दुर्गपुर गांव निवासी बुधन सिंह के पुत्र संतोष कुमार को नामजद करते हुए दो–तीन अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। पुलिस के प्रारंभिक अनुसंधान में मां मानती देवी और संतोष कुमार के बीच प्रेम संबंध की बात सामने आई। मोहित इसका विरोध करता था और इसी बात को लेकर घर में विवाद होता रहता था। पुलिस के अनुसार, इसी रंजिश में मां के इशारे पर संतोष ने अपने



अन्य साथियों के साथ मिलकर मोहित की पीट–पीटकर हत्या कर दी और शव को करहा के पास फेंक दिया। पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने बताया कि 28 अक्टूबर को करथ गांव के बिरहर करहा के पास मोहित का शव बरामद हुआ था। पिता के फर्दबयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुटी थी। तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की मां मानती देवी को गिरफ्तार कर लिया है। नामजद संतोष कुमार और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस घटना ने समाज के सामने एक बेहद गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। आखिर एक मां के लिए उसका अपना 14 वर्षीय बेटा इतना बड़ा विरोधी कैसे बन गया कि उसकी जिंदगी ही छीन ली गई। जिस बच्चे को जन्म दिया, जिसकी परवरिश की और जिसके भविष्य से परिवार की उम्मीदें जुड़ी थीं, उसी की हत्या की साजिश में मां की भूमिका सामने आना बेहद पीड़ादायक है। प्रेम संबंध और निजी स्वार्थ के लिए यदि कोई अपने ही बच्चे की जिंदगी का दुश्मन बन जाए तो यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि समाज की मानवीय संवेदनाओं पर भी गहरा आघात है। मोहित का कसूर सिर्फ इतना बताया जा रहा है कि वह अपनी मां के प्रेम संबंध का विरोध करता था। हालांकि हत्या के पीछे की पूरी परिस्थितियों और सभी आरोपितों की भूमिका का खुलासा पुलिस की आगे की जांच से होगा। मोहित अपने दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके पिता सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू सिंह को बेटे से काफी उम्मीदें थीं। परिवार में भाई रोहित कुमार और बहन डौली कुमारी हैं। जिस घर में कभी मोहित की हंसी गूंजती थी, वहां अब मातम पसरा है। पिता के सामने बेटे का भविष्य संवारने के सपने थे, लेकिन अब उन्हें बेटे की यादों के सहारे जिंदगी गुजारनी होगी। महज 14 साल की उम्र में मोहित की जिंदगी का इस तरह खत्म हो जाना बेहद मार्मिक है। उसकी किताबें, स्कूल, दोस्तों के साथ बिताए पल और भविष्य के सपने सब अधूरे रह गए। एक पिता ने अपना बड़ा बेटा खो दिया, एक भाई ने अपना साथी और एक बहन ने अपना भाई। जिस उम्र में उसे परिवार का सहारा बनना था, उसी उम्र में वह परिवार को जिंदगी भर का दर्द दे गया। इस हत्याकांड ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

छापेमारी में आग्नेयास्त्र और शराब बरामद, पिता-पुत्र गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। जिले के आयर थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव स्थित घर में छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से एक राइफल, 312 बोर के 39 कारतूस, 10 खोखा, राइफल सफाई वाले 5 फायर रॉड, 3 ब्रश, 1 ब्लूएथ्रू एवं 375 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी पुलिसअधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा प्रेस नोट जारी कर दी गई। गिरफ्तार आरोपितों में आयर थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव निवासी अवधेश कुमार सिंह एवं उनका पुत्र सतरंजन कुमार सिंह उर्फ नेपाली शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आयर थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दुलारपुर गांव निवासी अवधेश कुमार सिंह अपने घर में अवैध हथियार एवं शराब रखे हुए है। सूचना के सत्यापन उपरांत उनके निर्देश पर थानाध्यक्ष वंदना कुमारी ने सशस्त्र बल के साथ उसके घर पर छापेमारी की गई। पुलिस ने मौके से पिता–पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं पुलिस के अनुसार पिता की मृत्यु के बाद लाइसेंसी राइफल की वैधता समाप्त हो गई थी। बावजूद इसके हथियार और कारतूस घर में रखे गए थे। बताया जाता है कि अवधेश कुमार सिंह के पिता का अगस्त वर्ष 2024 में निधन हो गया था। राइफल का लाइसेंस उन्हीं के नाम पर जारी था। जिसे रेनवल नहीं कराया गया था। इसके पश्चात आयर थाना में पुलिस ने उन दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

न्यायालय, सब जज-2
जगदीशपुर, भोजपुर
स्वत्व वाद संख्या-186 सन् 2018
मनजी सिंह उर्फ मनोज सिंह
वो. ....वादीगण
बनाम
गया यादव वगै. .....,,,......प्रतिवादीगण
गजट बनाम
(1) दुलारो देवी पति स्व. गया यादव, 1. (क) वीरेन्द्र सिंह, 1. (ख) कमल सिंह, 1. (ग) जितेन्द्र सिंह तीनों पिता स्व. गया यादव, 1. (घ) सुनीता देवी, 1. (ड) ललिता देवी, 1. (च)गीता देवी तीनों पिता स्व. गया यादव 1. (2) शिव वचन यादव (3) राम वचन यादव 1. (4) शिव भजन यादव (5) राम अयोध्या यादव चारों पिता स्व. फिरंगी यादव, सभी निवासी ग्राम-महुआंव, थाना+अंचल-बिहियां, जिला-भोजपुर।

चूं बजरिये इस गजट प्रकाशन के द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने मेरे न्यायालय में आप लोगों के विरुद्ध उक्त वाद दाखिल किया है। आपलोगों के विरुद्ध सम्मन मोसाना एवं रजिस्ट्री डाक से नोटिस भेजा गया लेकिन आप लोग जान बुझकर हाजिर नहीं हो रहे हैं। आप लोग दिनांक 02.11.2026 को 10.30 बजे न्यायालय में हाजिर होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी। इसे अति आवश्यक समझा जाय।

ह./-
न्यायालय, सब जज-2
जगदीशपुर, भोजपुर।
29.10.26
9/482/26

एमडीजे पब्लिक स्कूल के छात्र मुफ्त शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना

आरा (भोजपुर)। एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला, अमरपुरी बाली सोनवर्षा तथा एम डीजे गर्ल्स पब्लिक स्कूल के कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के छात्र–छात्राओं का जत्था विद्यालय परिवहन द्वारा आज मुफ्त दो दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया गया। साथ ही साथ उनके सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई तथा विद्यालय के प्राचार्य ए के घोष के द्वारा भी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। दो दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण के अंतर्गत विद्यालय के सभी छात्र–छात्राएं पटना, राजगीर बोधगया एवं सासाराम समेत बिहार की अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे जिसमें गोलघर, चिड़ियाघर, तारामंडल, बिहार संग्रहालय, शहिद स्मारक, श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र, विश्व शांति स्तूप, महाबोधि मंदिर, बौद्ध मंदिर, शेरशाह का मकबरा इत्यादि



प्रमुख है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हमारे विद्यालय के छात्र–छात्राएं संपूर्ण बिहार शैक्षणिक परिभ्रमण पर जाते हैं इस बार का यह शैक्षणिक परिभ्रमण पूरी तरह मुफ्त है जिसमें खाने पीने से लेकर आने–जाने तथा टिकट इत्यादि का सभी खर्च विद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। इस टूर प्रोग्राम में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के सभी मेधावी छात्र–छात्राओं का चयन किया गया है। इन मेधावी छात्रों के चयन के लिए विद्यालय में अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता बेसिक इंग्लिश स्कॉलर टेस्ट का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित हुई थी प्रथम राउंड द्वितीय राउंड एवं तृतीय राउंड। सभी राउंड में क्वालीफाई करते हुए फाइनल राउंड में अपने अपने कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को मुफ्त शैक्षणिक परिभ्रमण की घोषणा की गई थी। आज वह सभी चयनित छात्र–छात्राएं शैक्षणिक परिभ्रमण पर जा रहे हैं। इस टूर का उद्देश्य बच्चे जिन चीजों को कक्षा में पढ़ते हैं तथा चित्रों के रूप में देखते हैं उन्हें वास्तविक रूप में देखना एवं महसूस करना तथा अपने ज्ञान एवं अनुभव में इजाफा करना है। छात्रों के जत्थे के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका भी रवाना हुए जो छात्रों को भिन्न–भिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराते हुए उन जगहों की विशेषता बताएंगे तथा उन्हें गाइड करेंगे। इस शैक्षणिक परिभ्रमण पर ढेर सारे अभिभावकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई।

चौरी और सहार थाने से 5 वारंटी गिरफ्तार

सहार (भोजपुर)। सहार थाना क्षेत्र से एक तथा चौरी थाना से चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।जानकारी के अनुसार सहार गांव से अभय सिंह पिता स्व रामदेव सिंह तथा चौरी थाने के पुरहरा गांव से सतेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह दोनों पिता बिन्देश्वर सिंह तथा कौलोडिहरी से दो वारंटी विनय महतो पिता देवलाल महतो तथा देवलाल महतो पिता काशीलाल महतो को कोर्ट से निर्गत वारंट के आधार पे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

15 वर्षीय प्रियांशु लापता

बिहिया (भोजपुर)। नगर के स्टेशन रोड निवासी धनेश प्रसाद का 15 वर्षीय पुत्र प्रियांशू कुमार गत 19 सितंबर 2026 से संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया है। परिजनों द्वारा अपने स्तर पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों के अनुसार, किसी बात को लेकर पिता ने प्रियांशू को डांट दिया था, जिसके बाद वह घर छोड़कर चला गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

आरके सिन्हा के संघर्षों को किया याद, दी श्रद्धांजलि

आरा (भोजपुर)। भोजपुर के लाल आरके सिन्हा (रवींद्र कुमार सिन्हा) के निधन पर रविवार को आरा के कतिरा मोड़ स्थित सर्किट हाउस के समीप मंगलमय उत्सव भवन में समस्त भोजपुरवासियों की ओर से श्रद्धांजलि एवं शोकसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डी. राजन ने किया। आयोजन के उद्देश्य पर प्रदीप श्रीवास्तव उर्फ रजनीकांत ने प्रकाश डाला। सभा का शुभारंभ सिन्हा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पमाला अर्पित



कर किया गया। वक्ताओं ने उनके प्रारंभिक जीवन के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि आरके सिन्हा ने छोटी पूंजी से एसआईएस की नींव रखी और अपनी मेहनत, लगन एवं काबिलियत के बल पर विशाल साम्राज्य खड़ा किया। वे आम लोगों की समस्याओं को सुनकर खुले दिल से सहयोग करते थे। उनके व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान और संघर्षपूर्ण जीवन को वक्ताओं ने प्रेरणादायी बताया। मौके पर डॉ. केएन सिन्हा, अवधेश कुमार पांडेय, डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, अशोक कुमार शर्मा, सचिन सिन्हा, डॉ. संदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने विचार रखे। अंत में आजाद श्रीवास्तव ने दो मिनट का मौन रखकर शोकसभा का समापन कराया।

सूर्य नारायण महायज्ञ को लेकर निकली जलभरी शोभायात्रा

पीरो (भोजपुर)। आश्रम संकीर्तन नगरी बहरी महादेव धाम, पीरो में आयोजित सूर्य नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य जलभरी शोभायात्रा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ बचरी भाल में संपन्न हुई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल और जयकारों से गूंज उठा। यह धार्मिक अनुष्ठान श्री श्री 1008 स्वामी मुनीश्वरानंद जी महाराज (खपड़िया बाबा) के परम शिष्य श्री श्री 1008 हरिहरानंद जी महाराज के पावन



सानिध्य में संपन्न हो रहा है। महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि महायज्ञ के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं वैदिक पूजा–पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन का मुख्य आकर्षण 17 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाला महाभंडारा होगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से महायज्ञ एवं महाभंडारे में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने की अपील की है।

चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

शाहपुर (भोजपुर) आससे। बहोरनपुर पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बहोरनपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के बाइक के साथ दामोदरपुर के लाल जी पासवान को पकड़ लिया। लालजी पासवान उक्त बाइक का कागजात नहीं दिखाया पाया। जांच पड़ताल के बाद यह जानकारी मिली कि उक्त बाइक नैनीजोर से चोरी हुई थी। इस संबंध मे नैनीजोर थाना मे कांड संख्या 346/23 दर्ज कराया गया था। पुलिस ने लालजी पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह दामोदरपुर के लाल मोहर पासवान का पुत्र बताया जाता है।

मो. जफी हत्याकांड में फरार चार आरोपितों के घर चस्पाया इश्तेहार

गडहनी (भोजपुर)। जिले के चरपोखरी थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गड़हनी इस्लामगंज टोला में हुए समाजसेवी मो. जफी हत्याकांड मामले में फरार चल रहे चार आरोपितों के घर इश्तेहार चस्पाया पाया गया। न्यायालय के आदेश पर शनिवार को चरपोखरी थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गड़हनी इस्लामगंज टोला निवासी हजरत अंसारी की पत्नी साजदा खातून, पुत्र मो. दानिश, उसी गांव के निवासी सलीम अंसारी की पत्नी जुलेखा एवं ओम प्रकाश के पुत्र अभिषेक कुमार के घर इश्तेहार चस्पाया पाया गया। बावजूद इसके अगर सभी आरोपित द्वारा पुलिस या कोर्ट के समक्ष सरेंडर नहीं किया जाता है तो, पुलिस उनके घर की कुर्की–जब्ती की कार्रवाई करेगी। बता दें कि बीते 11 सितंबर की रात हेरोइन एवं सुखा मादक पदार्थ की खरीद–बिक्री करने का विरोध करने पर थाना क्षेत्र के गड़हनी इस्लामगंज टोला वार्ड नंबर–4 निवासी समाजसेवी मो.जफी की घर में घुसकर हथियारबंद अपराधियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतक की मां आमना खातून के बयान पर सलीम अंसारी उर्फ बबलू, उसके पुत्र मो. आरजू एवं मो. वारिस उर्फ बिट्टू समेत सात नामजद एवं अन्य चार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिसिया दबिश के कारण थाना क्षेत्र के गड़हनी इस्लामगंज टोला निवासी सलीम अंसारी उर्फ बब्लू, उसका पुत्र मो. आरजू एवं उसी गांव के निवासी मो. वारिस उर्फ बिट्टू ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

रेल कल्याण समिति ने दी चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी



बिहिया (भोजपुर)। नगर के प्रतियोगिता शिक्षण आवासीय विद्यालय के प्रांगण में रविवार को रेल कल्याण समिति बिहिया की एक अति महत्वपूर्ण द्वितीय मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहिया रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, ट्रेनों के ठहराव और अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों में हो रही देरी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि रेलवे बोर्ड ने जल्द ही मांगें पूरी नहीं कीं, तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने की, जबकि मंच संचालन मुकेश कुमार राय ने किया। बैठक में रेल कल्याण समिति के संयोजक रविंद्र प्रसाद ने अंग वस्त्र प्रदान किया। इसके साथ ही हरे कृष्ण ओझा, फिरोज आलम, चंद्रशेखर ठाकुर, संतोष कुमार और निरंजन कुमार आदि ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से राजेश कुमार मिश्रा को समिति का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सदस्यों ने बिहिया स्टेशन पर अप एवं डाउन में कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की पुरजोर मांग उठाई। इनमें मुख्य रूप से कोटा–पटना एक्सप्रेस, संघमित्रा एक्सप्रेस,हिमगिरी एक्सप्रेस, पंजाब मेल,नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, गुवाहाटी–दादर एक्सप्रेस,भागलपुर–दादर एक्सप्रेस,पूर्वा एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस,पाटलिपुत्र–चंडीगढ़ एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस,ब्रह्मपुत्र मेल,हावड़ा–हरिद्वार एक्सप्रेस,कुंभ एक्सप्रेस शामिल हैं। इसके अलावा कुछ सदस्यों द्वारा प्लेटफॉर्म संख्या–4 पर डाउन लाइन के निर्माण की भी मांग उठाई गई। बैठक में स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं की कमी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। प्लेटफॉर्म पर शेड का अभाव और पेयजल की व्यवस्था। स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज (ब्रिज) का अविलंब निर्माण। प्लेटफॉर्म नंबर–1 के उत्तर दिशा में एक नए टिकट काउंटर का निर्माण। अमृत भारत योजना के तहत बिहिया रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर चिंता जताते हुए इसमें तेजी लाने की मांग किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिहिया रेलवे स्टेशन से रेलवे को सबसे अधिक राजस्व प्राप्त होता है, इसके बावजूद यहां के यात्रियों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने सभी सदस्यों से एक टीम के रूप में मिलकर काम करने का आह्वान किया। साथ ही, विभिन्न मांगों को लेकर निरंतर प्रयास करने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए 100 नए सदस्यों को जोड़ने का विशेष सदस्यता अभियान चलाने का सुझाव दिया। मौके पर राजकुमार चौरसिया, राम विष्णु राम, विनोद कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार, सुदामा केसरी, राकेश कुमार जायसवाल, जय राम ठाकुर, निरंजन कुमार, आतिश मिश्रा और सोनू कुमार समेत कई अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

बिजली चोरी में 33,433 रुपये का जुर्माना

बिहिया (भोजपुर)। नगर के वार्ड नं 12 में बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। जेई उमाशंकर द्वारा औचक छापेमारी कर छोटेलाल प्रसाद को रंगे हाथों बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है। आरोपी पर विभाग की ओर से 33,433 रुपये का जुर्माना लगाया गया है, साथ ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कनीय अभियंता (जेई) उमाशंकर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान छोटेलाल प्रसाद के यहां अवैध रूप से बिजली का उपयोग किए जाने का मामला उजागर हुआ। जेई ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी द्वारा पूर्व सर्विस तार में टोका फंसाकर अवैध रूप से बिजली जलाई जा रही थी। विभाग को लंबे समय से इस इलाके में अनियमितता की शिकायत मिल रही थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। बिजली चोरी पकड़े जाने के बाद विभाग ने कड़ा एक्शन लेते हुए आरोपी पर 33,433 रुपये का आर्थिक जुर्माना तय किया है। इसके साथ ही, विद्युत विभाग के आवेदन पर स्थानीय थाने की पुलिस ने आरोपी छोटेलाल प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की गहराई से छानबीन में जुट गई है। इस कार्रवाई के बाद से क्षेत्र के बिजली चोरों में हड़कंप मच गया है।